INDIAN SCHOOL SOHAR Set - 2

PERIODIC TEST -1 (2022-23)

SUBJECT: HINDI

CLASS :VI MAX MARKS: 20

DATE : 25/05/2022 TIME: 45 MIN

सामान्य निर्देश: 1. कृपया जाँच ले कि इस प्रश्न पत्र में कुल 10 प्रश्न हैं।

2. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

खंड 'क' (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (5)

एक राजा के तीन पुत्र थे। वे बहुत आलसी थे। उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता था। राजा ने उन्हें शिक्षा दिलवाने का बहुत प्रयास किया मगर वह बेकार गया। तब उन्होंने एक प्रसिद्ध विद्वान विष्णु शर्मा को राजकुमारों को सुधारने के लिए बुलवाया । विष्णु शर्मा ने राजा को कहा कि वे केवल छह महीने में राजकुमारों को होशियार बना देंगे। अपना वचन निभाने के लिए उन्होंने राजकुमारों को मन बहलानेवाली शिक्षाप्रद कहानियाँ सुनानी आरम्भ कीं। राजकुमार शिक्षा में रुचि लेने लगे। इन्हीं शिक्षाप्रद कहानियों की किताब 'पंचतंत्र' के नाम से विश्व प्रसिद्ध है।

(क) राजा के पुत्र कैसे थे?

(ख) राजा ने विद्वान को क्यों बुलवाया?

(ग) विद्वान ने राजा से कितना समय माँगा?

(घ) राजकुमारों का मन बहलाने के लिए विद्वान ने क्या किया?

(ड) 'पंचतंत्र' किस प्रकार की किताब है?

खंड 'ख' (व्याकरण)

निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विकल्प को छाँटकर लिखिए। (प्रश्न सं. 2 से 6)

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है? (1)

(क) क्या एक गरम कप चाय मिल सकती है?

(ख) तेरे से क्या गलती हुई थी।

(ग) तुम्हारे थैला बहुत भारी है।

(घ) हमने अपना पाठ याद कर लिया।

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है? (1)

(क) वह दिल्ली से लौटकर वापस आ गई।

(ख) वह लौट आई दिल्ली से।

(ग) वह दिल्ली से लौट आई।

(घ) वह आ गई वापस दिल्ली से।

प्रश्न 4. 'दोनों देशों के बीच समझौता हो चुका है।' वाक्य में संज्ञा शब्द हैं- (1)

(क) दोनों, देशों

(ख) देशों, समझौता

(ग) समझौता, है

(घ) बीच, दोनों

प्रश्न5.'रेलगाड़ी पटरी पर चलती है।' वाक्य में 'रेलगाड़ी' शब्द संज्ञा का कौन-सा भेद है? (1)

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ख) जातिवाचक संज्ञा

(ग) भाववाचक संज्ञा

(घ) पुरुषवाचक संज्ञा

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है? (1)

(क) शहर - व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ख) अच्छाई - भाववाचक संज्ञा

(ग) हाथी - जातिवाचक संज्ञा

(घ) सुन्दरता- भाववाचक संज्ञा

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (2)

(क) चालाक (ख) दुष्ट

खंड 'ग' (साहित्य)

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) हिकमत (ख) फुरसत

प्रश्न 9. ' तकलीफ़ ' शब्द से अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए। (1)

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) चिड़िया ने कितने अंडे दिए थे? (1)

(ख) अंडो पर छाया करने के लिए बच्चे क्या लाए? (1)

(ग) केशव और श्यामा ने अंडों की रक्षा की या नादानी?कैसे? (3)

या

'नादान दोस्त' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?